are ruling out the debate. ...*(Interruptions)*... Just a moment. All the Leaders had accepted this. ...*(Interruptions)*... Why did you agree to that? You should have refused there itself. ...*(Interruptions)*...

## STATEMENT BY MINISTER

### Bomb blasts in Hyderabad on 21st February, 2013

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SUSHILKUMAR SHINDE): Sir, on 21.02.2013, twin blasts took place in a busy locality of Dilsukhnagar area of Hyderabad city at a local bus stop and a canteen, which were about 150 metres from each other at 6.58 p.m. and 7.01 p.m. respectively. ...*(Interruptions)*...

Preliminary investigations reveal that the IEDs (Improvised Explosive Devices) were placed on bicycles causing explosions at both the places. ...*(Interruptions)*...

**श्री एम. वेंकैया नायडु** (कर्नाटक): सर, इसका कोई मतलब नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती माया सिंह** (मध्य प्रदेश): सर, पहले सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाए। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: A total of 16 persons died and 117 were injured out of which four, are critically injured. ...*(Interruptions)*... The State Government immediately deployed emergency medical response team alongwith 25 ambulances to take the injured to hospital. ...*(Interruptions)*...

**श्री एम. वेंकैया नायडु:** सर, पहले इस पर सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुनना चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी** (उत्तर प्रदेश): सर, पहले सदस्यों की बात को सुना जाए, उसके बाद जवाब दिया जाए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** आप भी बहस कीजिए, कौन कह रहा है कि मत कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SUSHILKUMAR SHINDE: The State Police and a team of NIA from the NIA Branch office at Hyderabad immediately reached the place of occurrence and cordoned off the area and collected the evidence. ...*(Interruptions)*... State forensic teams were also pressed into service to collect the evidence from the crime scene. ...*(Interruptions)*...

**श्री एम. वेंकैया नायडु:** सर, इस पर हाउस का सेंस लेना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... ऐसे नहीं चलता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकर** (महाराष्ट्र): सर, सर ...(**व्यवधान**)...

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी:** सर, इतना सीरियस मामला है ...(**व्यवधान**)... यह आतंकवाद के प्रति कितनी सीरियस है, यह इससे पता चलता है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: A team of NIA led by IG and Post Blast Investigative Team (PBIT) of NSG were sent to Hyderabad from Delhi at 9.30 p.m. by a special plane and it reached Hyderabad by 11.30 p.m. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: He is making a Statement. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: Two cases have been registered vide CR No. 146/2013 of Saroor Nagar, Police Station, Cyberabad and CR No. 56/2013 of Malkpet Police Station, Hyderabad City. The NIA will investigate the case in conjunction with Andhra Pradesh Police. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: The Minister is making a Statement. ...*(Interruptions)*...

**श्रीमती माया सिंह:** पहले सांसदों को अपनी बात कहने का मौका मिलना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: Today, early morning, I along with the Home Secretary and DG, NIA, went to Hyderabad and reviewed the situation with the Governor, the Chief Minister, the Chief Secretary, the DGP, the Commissioner of Police and other senior officers. ...*(Interruptions)*... I visited the scene of occurrence and thereafter I visited the injured persons in the hospital. ...*(Interruptions)*...

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Sir, the Home Minister is not serious. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHILKUMAR SHINDE: The hon. Prime Minister of India has announced an ex gratia of Rs.2 lakhs for the family of the deceased and Rs.50,000/ - for the injured. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: The State Government has also announced an *ex gratia* of Rs.6 lakhs for the family of the deceased and Rs.50,000/- to Rs. 1 lakh for the injured, besides bearing all the expenses for the treatment of the injured. The situation is under control. ...*(Interruptions)*... I extend my heart-felt condolences for the bereaved families who lost their near and dear ones in the blasts. ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: They never bother to respect the Opposition. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: The Government is committed to combat such cowardly terror attack and it shall make all possible efforts to apprehend the perpetrators and masterminds behind the blasts and ensure that they are punished as per the law.

...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I have a list of names here; Shri Jagat Prakash Nadda.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA (Himachal Pradesh): Sir, on my behalf, Venkaiah Naiduji will speak on the subject.

MR. CHAIRMAN: Good. Venkaiahji, please speak.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I want to put it on record that we are totally disappointed at the way in which the entire debate is being conducted, for the simple reason that we are a Council of States. We are here to discuss the important issues concerning States also. I am not attributing it to the failure of any State Government; I am not here to do politics also, because a terrorist act cannot be contained by the State alone. I am aware of the basic fundamental facts. But, at the same time, it is the duty of both, the Government and the Opposition to discuss this issue in a serious manner. But, unfortunately, the Government have taken it in a very casual manner. If the Home Minister wanted to go to Hyderabad, he would have gone yesterday night and he would have come back by morning. He should have taken the Parliament into confidence. Is it the way to treat the Parliament when the Parliament is in Session? The Home Minister must come to the House, be available to the House, hear the Members concerned and then he would have responded. This is not the way. If they want to take it in a casual manner, let them take it that way.

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: I left at 4.00 a.m. in the morning. The whole night, I was watching; I have not slept. I respect the House. At least, you should appreciate that I left at 4 o'clock, in the morning. I was there on the spot at 7 o'clock.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, you have not done any favour to us. You have to do your basic duty. ...*(Interruptions)*... Please hear me. The incident happened at six minutes past 7 o'clock in the evening.

The Home Minister should have gone at 8 o'clock and would have come back in the morning and be available in the Parliament to discuss this issue. That shows the seriousness.

Sir, what happened in Hyderabad yesterday? It is not an isolated incident. It is part of a larger conspiracy to destabilize our nation. It is the handiwork of our neighbour who has been abetting, funding, dreaming and encouraging terror all the time. But, unfortunately, the country, as a whole, and the Parliament, as a whole, are not able to understand the gravity of the situation. Sir, I would like to bring to your notice certain issues. The Home Minister himself made a statement yesterday that the Government of India has passed on information to the States about the impending attack or the likelihood of some disturbances taking place in certain areas, including Hyderabad; Hyderabad, Bangalore, Coimbatore, and also parts of Maharashtra, were mentioned. That information has been given to the Government of Andhra Pradesh two days before. This was said by the Home Minister himself yesterday, which has been telecast by all the television channels, and today morning, for reasons best known to him, he said that there is no specific input. I am not able to understand it with my little experience in the public life. What do you mean by 'specific'? Will the people give you door number or street number and say that in a particular street, in a particular town, it is going to happen, and like that? Nobody is going to give you such information. It will be the information that is made available to them by National Investigating Agency and the Central Intelligence Agencies. This is one thing.

Then, it is all in the public domain that terrorist organizations and their mastermind in Pakistan, Hafeez Syed and others, held a meeting and have issued a challenge to Indian Government and Indian people saying that they will take revenge for the hanging of Afzal Guru and Kasab, the two dreaded terrorists who have been hanged for the crime against the nation. They said that they would take revenge. That is there in public domain.

Thirdly, Sir, I have a document with me, which was released by Delhi Police officially on 26th October, 2012. It is an official document. Sir, I can sign it and hand it over to you also. It has been already released to the Press; I don't think that even the Home Minister will dispute this. It is a public document which is available on the Website. In the public document it has been said, Sir, that some of these people who are the terrorists have conduced a recci in Hyderabad, and also in Dilsukhnagar, in the same area. This fact has been made known to the Indian public by the Delhi Police on 26th October, 2012. This is the statement which has been made by Delhi Police which is working under the aegis of the hon. Home Minister. So, you have the Delhi Police giving you the information that a recci was conducted in Hyderabad and in Dilsukhnagar. Secondly, you have an open statement, a challenge thrown to the Indian society and the people, by the organizations like Lashkar-e-Taiba and their leaders, that they will take revenge against the hanging of these two dreaded terrorists. And, thirdly, the Central Government and the National Investigating Agency, which has its headquarters in Hyderabad, itself has categorically told that there are likely to be incidents happening in Hyderabad and in other parts of the country. What else do you need? What advance information do you need? What steps are taken by the Central Government and what steps are taken by the State Government? The country would like to know and the Parliament would like to know about this. This is the issue on which we wanted to confront the Government. But, unfortunately, we were not given an opportunity. Now, there is nothing new in this Home Minister's statement. There is no concrete roadmap to fight terrorism. Sir, as I have told you, I have a list of a number of terrorist incidents; I need not enumerate all of them. The Home Minister himself is aware of it and the entire House is also aware of it. One after another, these incidents are taking place. Lot of people are losing their lives, and also their livelihood. It is a very serious matter. Terrorism, as everyone agreed, has no colour, has no religion and has no separate identity. Terror is a terror; terrorism is anti-national, it is against the nation. That being the case, as a nation, we must exhibit our resolve to fight against terror, particularly, when your neighbour is encouraging terrorism. That is the case. But, unfortunately, guided by the vote-bank politics, guided by partisan, short-term gains, we are not able to take a strong action and a strong attitude towards it.

Bringing Bills or creating some other agency is not going to solve the problem. What is required is not a Bill, but a political will. But that is

[Shri M. Venkaiah Naidu]

unfortunately lacking. That is why our enemies are enjoying, thinking that India just speaks about that and, then, later they forget.

Sir, I am sorry to say, the Government policy seems to be condolence for the dead and compensation for the survivors. Can that be the policy of any Government, particularly on the issue of terrorism? There has to be a definite policy in place. Some people talk about zero tolerance zero tolerance towards corruption and zero tolerance towards terrorism, but terrorism is continuing and so is corruption. So, what are the concrete steps? The Prime Minister of India should have taken it seriously. He should himself have come to this House, as he is the Member of this House, and made a statement. At least, the Home Minister, should have taken the first opportunity to speak. But whatever it is, even after all this, the Home Minister's statement is devoid of any concrete or meaningful action. There is no roadmap and no steps are outlined to fight terror. That is the objection. The Government seems to be clueless. Yesterday, in Hyderabad, we saw the Chief Minister of Andhra Pradesh on television. I do not wish to drag him into any controversy, but I was surprised by what I saw on TV. When the media people asked him and quoted the hon. Home Minister's statement saying that information was given two days back by the investigating agencies, the Chief Minister said, 'they might have given that information to the Police'. I was really shocked. When the Central Government issues a piece of information, it is sent to the State Government. Now, a State Government means the Chief Minister, his Cabinet and the entire system there. This is one example of the casual attitude we are adopting towards such heinous crimes that are being perpetrated.

Sir, in the Delhi Police, the tenure of one of the persons convicted in a terror case has been commuted. This has been said by the Delhi Police itself. I don't wish to name him. The Delhi Police has also named a political party in Hyderabad. Even that I do not wish to mention because I am afraid that might derail the debate. I was really emotionally upset for the simple reason that I have lived in that city for pretty long and I know every inch of Hyderabad city. I am one among the citizens who are feeling very sorrowful about what is happening. People tell me, 'you politicians come, offer condolences, visit us in hospitals, pose for the cameras and then you forget us'. This is the question being asked by one and all in Hyderabad and also at other places.

Sir, in the terror attacks at Gokul Chaat Bhandar and Lumbini Park in 2007, a lot of people had lost their lives. It became an incident of international significance, but, unfortunately, so far no concrete action has been taken and nobody has been taken to task. That being the case, Sir, I became emotional. I am feeling emotional even now. Are we here only to debate and discuss it without any concrete action? Are we a debating society? I am afraid, no. I am not on formalities. Nothing much would happen if he made a statement and we asked for clarifications, but the House, the Parliament, has got its own sanctity. People are looking towards Parliament to see whether their elected representatives are highlighting their problems, and whether the Government responds to them with all seriousness. Otherwise, most of what the Home Minister has said has already appeared in newspapers. Today morning, I saw him saying in Hyderabad that since the Parliament Session is on, he does not wish to say anything more. Sir, I was eagerly waiting to see if the Home Minister would give us any further information, whether he would speak out his mind and talk about a roadmap on how they are going to tackle this issue. I am not confining myself only to the incidents at Dilsukhnagar, Konark Theatre or Venkatadri Theatre. Please, Mr. Shinde, try to understand that this is a greater challenge thrown at all of us, at the entire country. We have also been in power. Today you are in power and tomorrow we may come to power, but we must all resolve together and come together to fight this menace and put an end to this once for all. That determination is required. I am appealing to the Government from this side, please look at it in that perspective and try to understand the challenge. As I have said in the beginning itself, Mr. Chairman, I don't wish to name any country, but I want to repeat that our neighbours want to weaken India. They want to cripple our economy. They want to subvert India, and that is why they are aiding, abetting, funding and training terrorists and sending them here.

Sir, the other day, when Afzal Guru was hanged, a condolence meeting was held, not in India but in our neighbouring country, and all those people, including some from our soil too, had gone there and joined the condolence meeting. What does that mean? What sort of signals are being sent and what is the Government's response to that? So far, the External Affairs Minister has not even opened his mouth on such an incident. This is why people are taking it as a weakness. They are saying that we don't have the required political will and so, they can continue this *tamasha* whether 26/11 happens or anything else happens.

[Shri M. Venkaiah Naidu]

But, unfortunately, in this country there are some people who sympathize with the perpetrators of crime rather than victims. They talk about so-called 'human rights'. Sir, human rights are for human beings. Human rights are not for those people who perpetrate this crime and behae like *danavas.* Human rights are for human beings, but not for *danavs* and *rakshasas* who are killing our people and creating this massacre in this country. I appeal to the Home Minister to please show some courage, then exhibit some conviction and then take some strong action. We, as the major Opposition party, will stand with you to fight the enemy and to fight the forces which are trying to create havoc in the country. I hope this will be an eye-opener and this will be the last incident in our country, and we should go into the roots. हमें जड़ तक जाना चाहिए और संबंधित लोगों के बारे में जांच होनी चाहिए। मंत्री जी, बार-बार ऐसी घटनाएं हैदराबाद में ही क्यों हो रही हैं, इस बारे में भी चर्चा की जानी चाहिए। मैं यह कहना नहीं चाहता कि वहां कांग्रेस की सरकार है, इसलिए ऐसा हो रहा है। उसमें मैं जाना भी नहीं चाहता हूं। मेरा कहना तो इतना ही है कि, हैदराबाद में कुछ लोग और संगठन हैं, जो उन्हें प्रोत्साहन दे रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने भी ज़िक्र किया है कि स्थानीय लोगों की मदद से, स्थानीय लोगों के support से उन्होंने "रेकी" करवायी, स्थानीय लोगों की मदद से ही वे इसे identify कर पाए। तो कौन हैं वे स्थानीय लोग?

Who are those local people? Who are supporting them? What is the State Intelligence doing? What is the State Government doing? Why are we keeping silence? This is the issue. Otherwise, every time these things are happening in Hyderabad city. Hyderabad has got a great tradition. It is one of the prestigious cities of the country. But, unfortunately, because of such incidents, people are now afraid of coming over there and investing there. That being the case, this should be taken very seriously, and all of us should join together in containing terrorism.

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): श्रीमन्, मैंने माननीय गृह मंत्री जी का बयान पढ़ा है। यह बहुत ही ordinary किस्म का बयान है और पूरी तरह से निराशाजनक है। इसमें कहीं भी इस बात का संकेत नहीं है कि गवर्नमेंट का इरादा क्या है और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए किस तरह के प्रयास किए जाएंगे? इसमें इन चीज़ों की केवल descriptive information दी गयी है, जैसे कि पुलिस थाने में किसी घटना के बारे में दी जाती है कि घटना कब हुई, किस तरह से हुई।

श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूं कि हर बार जब इस तरह की घटनाएं होती हैं, तो यहां से कह दिया जाता है कि हमने स्टेट्स को पहले ही alert कर दिया था। यह every line होता है, लेकिन इनकी सूचनाएं इतनी अनिश्चित होती हैं कि राज्य सरकारें या इनकी एजेंसियां भी यह नहीं बता सकतीं कि कहां-कहां, किस तरह की कार्यवाही हो सकती है। हालांकि इस मामले में कुछ specific informations दी गयी हैं, लेकिन सवाल यह है कि अपराधियों या terrorists को पकड़ने की जो strategy होती है, वह सर्वथा गुप्त रखी जाती है। यहां तो हम टेलीविजन पर देखते और सुनते हैं कि समस्तीपुर के, आज़मगढ़ के, झारखंड के फलां व्यक्ति का नाम आया और नांदेड़ के लिए पुलिस प्रस्थान कर चुकी है। तो जब टेलीविजन पर ये सूचनाएं जा रही हैं तो क्या आप किसी को पकड़ सकते हैं? आप क्या करने जा रहे हैं, किसे गिरफ्तार करने जा रहे हैं, अगर टेलीविजन पर यह प्रसारित किया जाता है तो यह आपकी कौन सी strategy है? यह तो even the fool of fools knows that under these circumstances nobody can be arrested. ऐसी चीज़ों का होना बहुत ही गंभीर चिंता की बात है। जैसाकि श्री वेंकैया नायडु साहब ने कहा कि ऐसे मामलों में पूरा देश हमेशा एकमत रहा है।

सारी पॉलिटिकल डिफरेन्सेस के बावजूद भी जब कभी देश की बात आई, आतंकवादियों के खिलाफ लड़ने की बात आई, तो सारा देश एक साथ गवर्नमेंट के पीछे, उसके साथ खड़ा रहा। फिर प्रश्न यह है कि इतना सब होने के बाद भी कार्यवाही क्यों नहीं होती है, इस तरह की घटनाएं क्यों नहीं रुकती हैं? ऐसे कौन से कारण हैं, कौन सी ऐसी परिस्थितियां हैं, जिनकी वजह से सरकार कार्रवाई नहीं कर सकती है? एक ही बात हो सकती है और वह है दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव। अगर इसमें यह दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है, तो भारत जैसे बड़े देश के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। इस अभाव के कारण हमारे देश का भविष्य क्या हो, इसके प्रति भी लोगों के मन में चिंता और आशंका पैदा होती है। जब आप समय पर कोई फैसला नहीं ले सकते और जब कार्रवाई करने का वक्त होता है तो उससे चूक जाते हैं, तो इससे ऐसे लोगों का मन बढ़ जाता है और इस तरह की घटनाएं बार-बार होती रहती हैं। आपको सूचनाएं मिलती हैं कि उनकी योजना है, वे कैसे कार्रवाई करेंगे, किस तरह से कार्रवाई करेंगे, उसके बावजूद भी आप कार्रवाई नहीं कर पाते हैं।

सभापति महोदय, कई बार हमने ऐसा देखा है कि आज कुछ कहा जाता है, कल तीसरी चीज़ सामने आ जाती है और फिर जांच के बाद चौथी चीज़ सामने आ जाती है, यानी आज एक मास्टरमाइंड का नाम सामने आ जाता है कि वह पकड़ लिया गया, दूसरे दिन कोई दूसरा मास्टरमाइंड पकड़ा जाता है कि यह उस घटना का मास्टर माइंड था। अतीत में दर्जनों बार ऐसा हुआ है। हमें इन चीज़ों से बचना होगा, वरना वास्तविक अपराधियों को न आप पकड़ सकते हैं और न आगे की घटनाओं पर आप रोक लगा सकते हैं। अतीत

[प्रो. राम गोपाल यादव]

में जो ऐसी घटनाएं हुई हैं, उनमें कितने लोगों के खिलाफ सफलतापूर्वक कार्रवाई हुई है? यह भी आपको बताना चाहिए और आगे आप ऐसी घटनाओं को किस तरह से रोकेंगे? आप हमसे क्या चाहते हैं? पूरा देश, पूरे देश की जनता आपके साथ है, पूरा विपक्ष आपके साथ है, यहां बैठे सभी लोग आपके साथ हैं, पूरी संसद आपके साथ है। जब सारा देश आपके साथ है, तो आपको क्या चाहिए? आप जो चाहते हैं, जो कार्रवाई करना चाहते हैं, उसके लिए पूरे सदन की, पूरे संसद की, पूरे देश की ताकत आपके साथ है। इसके बाद भी अगर आप कुछ कार्रवाई नहीं करना चाहते, तो कौन सी मजबूरी है? अगर करना चाहते हैं, तो उसे करिएगा और हम नहीं चाहते कि आप पहले उसे बताइएगा, but do something, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई घटना न हो सके। यही हमारी आपसे अपील है। धन्यवाद।

SHRI DEVENDER GOUD T. (Andhra Pradesh): Sir, this is a very serious matter because in 2002 also, in Dilsukhnagar, bomb blast occured in the same area at Sai Baba temple.

At that time, I was also the Home Minister of the State. We immediately took the action. The very next day, the person was killed in an encounter. Now, the people of Andhra Pradesh are expecting the same response. अभी जैसा वेंकैया नायडु साहब ने हाउस को बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा चार महीने पहले एक आदमी को पकड़ा गया था, उस आदमी ने बोला था कि हैदराबाद में दिलसुख नगर में हमने रेकी की तो है। Dilsukhnagar is such a place which falls between Hyderabad and Rangareddy districts. It is almost on the border of Rangareddy district, to which I belong. It is the busiest area of Hyderabad city. The Governor knows about this area. The Home Minister himself went to that area today morning. उसमें उनको मालूम है कि वह कितना बिजी एरिया है। साल 2007 में भी जो गोकुल चाट मंत्र और लुम्बिनी पार्क में इंसीडेंट हुआ था, वह सबको पता है। उस वक्त भी यहां पर बम को डिफ्यूज़ कर दिया गया था, बम ब्लास्ट नहीं हुआ। यहां का तो आप अच्छी तरह से जानते थे कि बम ब्लास्ट होने वाला है, सीसीटीवी कैमरा भी डिसकनेक्ट हुआ था, ट्रेफिक पुलिस ने वह भी मालूम किया था।

उन लोगों ने बताया था कि सी.सी.टी.वी. कैमरा disconnect हुआ है, उसको ठीक करना चाहिए, रिपेयर करना चाहिए। उसको पुलिस ने क्यों नहीं ठीक किया, इसके लिए मैं यूनियन होम मिनिस्टर से यह जानना चाहता हूं कि पुलिस ने उनको क्या explanation दिया है? Whatever statement has been made by him, newspapers और television channels ने इस nation को इससे ज्यादा information दी है, जो उन्होंने हाउस को इस

स्टेटमेंट के द्वारा दी है। It is a non-serious statement of the Union Home Minister. He must take it very firmly. He must give a clear-cut message to the nation that the Union Government is very serious about the incident. इस स्टेटमेंट को देखने से यह मालूम नहीं होता है कि यूनियन होम मिनिस्ट्री ने इस मामले को सीरियसली लिया है, इसलिए मैं चाहता हूं कि वे इसे सीरियसली लें और जैसा कि राम गोपाल जी ने कहा, सारा हाउस उनके साथ है। जो भी टेररिस्ट्स होते हैं, they have no religion. They are anti-human beings,

वे चाहते हैं कि यहां दंगे-फसाद हों और हैदराबाद एक sensitive एरिया है। यूनियन होम मिनिस्टर आज वहां पर होकर आए हैं, तो उनको दोनों Houses को इस मामले की सीरियसनेस को बताना चाहिए। वहां तेलुगू देशम पार्टी और उनका होम मिनिस्टर होने के नाते सन् 2002 में जब similar incident हुआ था, उस वक्त जैसा firm action लिया गया था, वैसा ही firm action यहां पर भी लेना चाहिए। मैंने यूनियन होम मिनिस्टर से expect किया था कि वे इस incident को सीरियसली लेंगे और आशा करता हूं कि ऐसा incident दोबारा न हो। I thank him because he went to the Hyderabad city. He went today morning itself. Yesterday, as Mr. Venkaiah Naidu rightly pointed out, he should have gone to the Hyderabad city.

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: I went there at 3 o'clock. ...*(Interruptions)*...

**श्री देवेंदर गौड टी.**: आपको तो कल ही जाना चाहिए था because the Government plane is available. You should have sent a message to the people of Hyderabad city that the Union Government is very serious about it. Just simply posting information to the State Government, its responsibility is not over. You are giving only two lakh rupees *ex gratia* to the bereaved families. You should increase the *ex gratia* amount. You should have accommodated them. Accommodating 15-16 people is not a big issue for the Union Government. They should be given the compensation immediately. They should be given Government employment. Those who are injured, उनके पूरे medical expenses को यूनियन गवर्नमेंट को वहन करना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Shri Hanumantha Rao, not here. Shri Raja.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, I join the entire House in condemning the terror attacks in Hyderabad in the strongest terms. Whenever we have to confront terror attacks and terrorism, the nation will have to stand up as one. Wherever it takes place, we will have to raise our voice as one. Our hon. colleagues from Assam have rightly raised the issue. That issue also deserves our condemnation.

[Shri D. Raja]

The Home Minister has promised. He should possibly visit that State and make a comprehensive statement on how to contain terrorism in the North-East Region.

Coming to Hyderabad blast, it was very shocking. We all should condemn this. The Home Minister has visited the place and made the statement. The statement could have been more comprehensive and could have been more convincing to assure the nation that the Government is determined to fight terrorism.

Sir, in India we have been talking about cross-border terrorism as well as home-grown terrorism. All the time our focus remains on the Left Wing terrorism because it poses threat to the system of the State. But we do not have such a focus to fight the Right Wing terrorism. I think in the recent days the Right Wing terrorists have become very active; and they pose a real threat to the social harmony and to the unity of the country. In fact, the Right Wing terrorists pose a threat to the very nation; and the Government will have to evolve a suitable strategy, how to fight the Right Wing terrorism irrespective of religions. We will have to take note of the emergence of the Right Wing terrorists; and the Government will have to work out a proper strategy, how to contain the activities of the Right Wing terrorists.

Sir, in this context, I may raise some issues. I agree with my hon. colleague, Mr. Devender Goud that the compensation which has been stated in the statement is not enough. It is very, very inadequate. In fact, I emphasise that it should be the responsibility of the State and the Union Government to take care of the medical expenses of the injured people and to take care of the families of the victims. I think, Rs. 2,00,000 for the death of a person and Rs.50,000 for an injured person...

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: The entire medical expenses are being borne by the State.

SHRI D. RAJA: That is what I am saying. It must be the State's responsibility. I must also point out in the name of fighting terrorism some innocent people are being targeted. They are being put in prison for quite a long time without any charge-sheet and without any trial. When you work out a strategy it must be a comprehensive strategy. I think the Union Government will have to look at those issues.

As far as Hyderabad blasts are concerned, everybody has spoken. The Home Minister claimed that there are some intelligence inputs, and they were communicated to the State Governments. What was the follow up? Where was the lapse? Nobody knows. Even if there was a lapse on the part of our intelligence agencies, the Home Ministry will have to look into it. If there was any lapse in taking speedy action and intervention that also has to be looked into by the Home Ministry. In the struggle against terrorism, the nation stands as one; and the entire Parliament stands as one; and we are with you. But you will have to evolve a proper strategy to counter the Right Wing terrorism; and terror attacks which are taking place repeatedly in India. It is not only in Hyderabad but we have been seeing such attacks in several parts of the country. So, now, the Government will have to act. Merely making statements is not enough. The Government will have to strengthen its intelligence agencies and their work. The Government will have to strengthen coordination between the Union Government and the State Governments with regard to sharing intelligence information and alerting intelligence agencies in the struggle against terrorism. The Government will have to show its maturity to deal with this menace. This is not the time to bring in other issues. This is not the occasion to divide the House, or, this is not the occasion to divide the nation. We will have to stand together. We will have to show that India remains determined; and India remains one in the struggle against terrorism.

MR. CHAIRMAN: Thank you. Next, Shri Birendra Prasad Baishya.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Mr. Chairman, Sir, I stand here to speak on the tragic twin bomb blasts in the Dilsukhnagar area of Hyderabad City yesterday, in which 17 people have been killed and nearly 200 people have been injured critically. We always condemn any type of violence, whether it is a terrorist attack or a Government-sponsored violence. On this occasion, I would like to mention here that 24 persons, mostly Tribals, were killed in the Rabha Hajong area of Goalpara district of Assam. I am very thankful to the Chair and the House for allowing us to raise this issue. I am very happy for the assurance given by the Minister of Parliamentary Affairs that the Home Minister would make a statement on this issue. Sir, terrorist is a terrorist. Terrorism has no colour. We have to condemn everybody. On this occasion, I would like to say that this attack is not against Andhra Pradesh alone. This attack, this bomb blast is against the entire nation, against the security and sovereignty of the country. We strongly condemn the incident and urge the Government of India to take the strongest

[Shri Birendra Prasad Baishya]

measures against the culprits. History repeats itself. After the serial bomb blasts in the City of Guwahati, in which many people were killed a few years back, we had raised the issue in this House. At that time, we had raised one issue in this House: what was the main reason for the Guwahati blast? Sir, the main reason for the problems in the North Eastern Region is the open Indo-Bangla border. Assam is a transit camp for terrorists. First they come to Assam from Bangladesh because our border is open and after doing some unlawful activity in Assam, they move to other parts of the country. This is a very serious issue. Taking this opportunity, I would like to request the hon. Home Minister to kindly seal the Indo-Bangladesh border immediately because for terrorists Assam is a transit camp. After doing unlawful activity in Assam, they move to other parts of the country.

On this occasion, I would like to say that the people of Andhra Pradesh are not alone, the whole country is with them. I would like to request the Government of India to take all measures to help the injured people who have been admitted to hospitals in Hyderabad. If necessary, they may be shifted to Delhi and other parts of the country for better treatment. I would also request the Government of India to bear all the expenses for the treatment of injured. I strongly condemn the twin bomb blasts in Hyderabad and urge the Government of India to take the strongest action against the culprits.

SHRI C.P. NARAYANAN (Kerala): Mr. Chairman, Sir, I join all Members of this august House and all citizens of the country in condemning the twin bomb blasts in Hyderabad. We have been experiencing such terrorist acts during the last few years. We have not been able to curb such acts. First of all, I would request the Government to take immediate steps to give all help to the injured and the bereaved families of those who have died. That should be our first step. The second step should be to see that such acts of violence, such acts of terrorism are not repeated in the country. Sir, it will not be enough to identify an enemy and say that such an enemy is attacking our country through dubious means. We have to closely examine our social fabric to assess whether what we have done during the last so many years and various political, social, cultural and other acts, have contributed to the development of such terrorism. That we have to examine.

We should not be satisfied simply by arming our police and other security personnel with vast power and lethal weapons. Of course, they have to be armed.

They have to be prepared to meet any exigencies. But that will not be enough. Only by arming the police or by deploying the police or the secret police, we may not be able to curb such violence. We have to find out what the root causes of these incidents are. Here, I would caution the Government not to jump to nasty conclusions regarding those who have done this because we have had bitter experiences during previous years when we identified some people, caught hold of them, put them behind bars, but after months or years, our investigators found out that somebody else were the actual perpetrators of the crimes. I am not saying that we should not catch hold of people who are involved in such dasterdly act. But we should not jump to immediate conclusions because that had led us astray in various instances in various States to emprison innocent people for years. What I would request the Government is to take immediate steps to see to it that all those who are affected are being helped. The Hyderabad city and the Government of Andhra Pradesh are to be given all kinds of support to meet the exigencies there. Along with that, the Central Government should see to it that we develop a methodology not only based on the police force but also involving other sections of the Government as well as people to see to it that such violence is not repeated. Thank you.

**सुश्री मायावती** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, काफी चिंता की बात है कि हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों से समय-समय पर आतंकवादी घटनाएं घट रही हैं। इनकी वजह से काफी जान और माल का नुकसान हो रहा है और बड़ी तादाद में बेकुसूर लोग मारे जा रहे हैं। इसी क्रम में कल आन्ध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में आतंकी हमला हुआ है। इस हमले में 16 लोग मारे गए हैं और लगभग 117 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। यह कल की बहुत ही दुखद घटना है और हमारी पार्टी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है। जो घटना कल घटी है और इससे पूर्व भी जो आतंकवादी घटनाएं घटी हैं, इनको देखकर केन्द्र सरकार को खासतौर से यह सोचना होगा कि समय-समय पर जो इस प्रकार की घटनाएं घट रही हैं, इनका अंत कैसे होगा और कैसे इनको रोकना होगा? जहां तक सरकार को सहयोग देने का सवाल है, सत्ता पक्ष के लोग तो उसके साथ ही हैं, लेकिन अच्छी बात यह भी है कि इस मामले में पूरा विपक्ष या जो दल बाहर से समर्थन दे रहे हैं, सभी सरकार के साथ हैं। केन्द्र सरकार आतंकवाद को रोकने के मामले में जो भी सख्त कदम उठाएगी, सभी दल, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सरकार के साथ हैं। जब आपके साथ सभी दल हैं तो आतंकवादी घटनाओं को रोकने के लिए या आतंकवाद को खत्म करने के लिए, सख्त कदम उठाने बहुत जरूरी हैं।

इस मामले में, केन्द्र की सरकार को इस किस्म की वारदातों को रोकने के लिए हमारा

[सुश्री मायावती]

जो खुफ़िया विभाग है, उसको और ज्यादा चुस्त-दुरुस्त बनाना होगा। सैंटर का खुफ़िया विभाग और राज्यों का जो खुफ़िया विभाग है, उसका आपस में अच्छा तालमेल होना चाहिए और आतंकवादी गतिविधियों के बारे में राज्यों को जो भी इन्फॉर्मेशन देनी है, वह समय से देनी चाहिए। हमें राज्यों के ऊपर ही पूरी जिम्मेदारी नहीं सौंपनी चाहिए, बल्कि राज्यों से ज्यादा इसकी जिम्मेदारी सैंटर को अपने कंधों पर लेनी चाहिए। जब हैदराबाद में यह आतंकवादी घटना होने की आशंका जताई जा रही थी, तब कहा गया था कि हमने दो दिन पहले ही उनको बता दिया था, इस संदर्भ में मैं कहना चाहती हूं कि हमें इसको केवल राज्यों के ऊपर ही नहीं छोड़ना चाहिए, बल्कि सैंटर की भी पूरी जिम्मेदारी बनती है कि उसको राज्यों से ज्यादा इसकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर डालकर चलना चाहिए। राज्यों की जो सरकारें हैं, उनको मदद मिलनी चाहिए। केन्द्र की गवर्नमेंट ने, खास तौर से होम मिनिस्ट्री ने आंध्र प्रदेश की गवर्नमेन्ट से कहा कि आपके उधर आतंकवादी घटना हो सकती है। जो स्टेट गवर्नमेन्ट है, वह जितनी एहतियात बरत सकती है, बरतेगी, लेकिन उसके लिए इसको जानना बड़ा मुश्किल हो जाता है कि आतंकवादी लोग कहां पर हमला कर दें। वे एहतियात बरतेंगे, लेकिन उनके लिए बड़ा मुश्किल है कि अपनी फोर्स को कहां-कहां पर लगाएं। उनको केवल जानकारी देने से ही काम नहीं चलेगा, बल्कि हमें इसकी तह में भी जाना होगा कि यह जो आतंकवाद पनप रहा है, इसको कैसे रोकना है? यदि हम इसकी जड़ में, तह में चले जाएं और इसको रोकने के लिए, खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाएं, जो इससे निजात मिल सकती है। इस समस्या का हल निकालने के लिए हमें इसकी तह में जाना होगा, इसके साथ-साथ खुफिया विभाग को अलर्ट रखना होगा और हमारे देश की जो सीमाएं हैं, उन पर चौकसी भी बरतनी होगी। इसके अलावा जो आतंकवादी संगठन हैं, जिनकी सूची होम मिनिस्ट्री के पास है, सैंट्रल गवर्नमेंट के पास है, क्योंकि जो आतंकवादी संगठन हैं, उनकी ज्यादातर सूची आपके पास रहती है, इसलिए जो आतंकवादी संगठन हैं, उनके ऊपर पैनी नज़र रखनी होगी। उनके जो ठिकाने हैं, हमें उन पर नज़र रखनी होगी कि इनमें कौन-कौन लोग इन्वोल्व हैं, इनको कौन प्रोटैक्शन दे रहा है, कौन इनको आर्थिक मदद दे रहा है या इनके पीछे किसका हाथ है। वे सब जो भी उनमें इन्वोल्व हैं, उनको पकड़ना होगा और उनके ठिकानों को नष्ट करना होगा, नहीं तो हम कभी भी आतंकवाद से मुक्ति नहीं पा सकते हैं। हमें खास तौर से तीन चीज़ों की तरफ ध्यान देना होगा कि एक, खुफ़िया विभाग को सख्त करना होगा, दूसरे, सैंटर का जो खुफिया विभाग है, उनका स्टेट के खुफ़िया विभाग के साथ बहुत अच्छा तालमेल होना चाहिए, तीसरे, सीमाओं की चौकसी होनी चाहिए। हमें आतंकवादी संगठनों को नष्ट करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर सोच-विचार करके, अच्छी तैयारी करके उनको समाप्त करना होगा। इसके साथ ही देश में आतंकवाद की समस्या को हल करने के लिए, जनहित में अपने राजनीतिक स्वार्थों को दरकिनार करके आगे बढ़ना होगा। जब हम आतंकवाद को खत्म करने की बात करते हैं, तो हमें यह ध्यान में रखकर चलना है कि हमें इसको

**4.00 P.M.**

न तो धर्म से जोड़कर चलना है, न किसी जाति से जोड़कर चलना है और न ही किसी राजनीति से जोड़कर चलना है, क्योंकि जो आतंकवादी होते हैं, क्रिमिनल माइंड के लोग होते हैं, उनका न तो अपना कोई मज़हब होता है, न कोई जाति होती है और न ही उनका राजनीतिक पार्टी से कोई लेना-देना होता है। उनका मकसद कुछ और होता है। मैं समझती कि हमारे सभी दलों के नेता और माननीय सदस्य इस बात से अवगत हैं कि उनका क्या मकसद है। बरसों से जो यहां अपने देश में आतंकवादी घटनाएं घट रही हैं, यदि हमने इनको गंभीरता से नहीं लिया और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो उसके गंभीर परिणाम होंगे, इसलिए सैंट्रल गवर्नमेंट को सभी दलों को साथ में लेकर सख्त कदम उठाने होंगे। हमें इसमें कोई देरी नहीं करनी है, क्योंकि हम जितनी देर करते जा रहे हैं या यह सोचते रहेंगे कि हमें अभी थोड़ा और समय मिल जाए, और समय मिल जाए, तो इससे जो आतंकवादी संगठन हैं उनका मनोबल और बढ़ता है तथा हमारे देश की जो बेकसूर जनता है, उसका नुकसान होता है।

इसलिए मेरा खासतौर से माननीय गृह मंत्री जी से यह कहना है, केन्द्र सरकार से यह कहना है, क्योंकि माननीय गृह मंत्री जी की पूरी जिम्मेदारी बनती है, सरकार की जिम्मेदारी भी बनती है कि सभी दलों को साथ में लेकर आप लोग इसके ऊपर पुनर्विचार करें और कोई ठोस रणनीति बनाएं। जिन बातों की तरफ आपको खास ध्यान देने की जरूरत है, मैंने उन्हें आपके संज्ञान में लाया है। खैर आप इन बातों की तरफ पूरा ध्यान दे रहे हैं। कल की जो घटना घटी है, उस घटना की देश के अन्य किसी कोने में पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए हमें बहुत सतर्क रहने की जरूरत है और बहुत ही ठोस कदम उठाने की जरूरत है। मैं आपसे ऐसी अपील करते हुए अपनी बात यहीं समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Thank you Mr. Chairman, Sir. First of all, our hearts go out to the victims and their families of yesterday's blasts.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair)

The intention of those who have committed this crime is horrendous and there is no doubt that it is a heinous crime. Anything of this kind which disturbs peace is a wakeup call for all of us to re-look into the ways of counteracting terror in this great nation of ours. Sir, we should learn from our mistakes, if at all we have committed anything, and we should strive that such mistakes should not happen again.

[Shri Tiruchi Siva]

Sir, we waited since morning for the statement of the hon. Home Minister. Since he has visited the place of occurrence, we thought that he would come back with some concrete information. But, for reasons not known, this statement gives us not enough information which we have sought for. What media has brought to light once again is the Centre-State relations. I also understand that this is not the time for blame game. All of us have to stand as one to fight terrorist activities in the country. Sir, out of 100 attempts made by terror forces, they would have failed in 99 because of investigating and police agencies. But, if they succeed in one then this one incident blows the investigative agencies and they are answerable. This is the sad part. Sir, they would have foiled 99 attempts, but if they fail in one attempt, it would cause a great damage. And, this is repeatedly being done here and there. Everyone of us have expressed our sincere and serious concern that this should not happen.

Sir, this is, perhaps, also the time to re-look at the proposal for putting in place an organization like National Counter Terrorism Centre which will ensure coordination and intelligence sharing between the States and the Centre. We must all get together and come up with solution acceptable to all. And it will ensure that such incidents will never happen.

We should recall what Pandit Jawaharlal Nehru said at the stroke of midnight when we got Independence. He said, "We shall never allow the torch of freedom to be blown out however high the wind or stormy the tempest." So, the next step should be not only to apprehend and get strict punishment to those responsible behind this horrendous crime, but it should send a message that any one who attempts such an incident in future will have to face a very serious punishment. I know the responsibility of the Government and it is the time for all of us to extend our fullest support to the Government. We should all stand as one to save our people. If anyone who goes out for shopping with a feeling that he would not come home safe is not a good signal. The incident where it has occured is supposed to be a place where there are more number of eateries in the twin cities.

People who had gone there with their families did not return to their homes. If we let our imagination go further, we would feel very pained. Not only me, Sir, but every one in this august House, and all of us in the country wish that such incidents do not recur, and towards that, we shall extend our fullest support to whatever steps the Government takes.

I once again urge upon all, Sir, that we must all stand as one and extend our solidarity in confronting these people and stopping this crime.

Secondly, I want to say that the time is ripe to join our hands together and fight terror and ensure peace and stability, for without peace all other dreams will perish and will be reduced to ashes.

Sir, apart from what has been mentioned in the statement, we expect the Government if they find out something — to put down terrorism with an iron hand and see to it that such an incident never occurs in this country again.

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, every death is a tragedy. But, unfortunately, in our country every terrorist attack is only becoming a statistic. If we look back, in August, 2007, 42 people had died in the same city in a terrorist attack. What has happened? We believe, today, the time has come for us in this august House to show the nation some resolve, beyond just words.

But, first, our deepest condolences to those who have lost their family members. We urge the Government to ensure whatever relief is possible in the quickest way possible. We are extremely disappointed with — what I would call this — 'copy-paste' response to terrorist attacks. With all respect, I am referring to the response in August, 2007 and the kind of response which the Home Minister has given us today, which is a 'copy-paste' response to terrorist attacks.

Sir, the Government needs to understand that the simplest way to deal with this is not a reactive reaction, but to be proactive in handling terrorism. I propose that in this Parliament Session itself, we should keep one day or two days for discussing anti-terror mechanism and how the Centre along with States can get this going together.

Having said this, in dealing with terrorism, the law enforcement agencies should not adopt any terrorist tactics. Any illegal action by these law-enforcement agencies would give legitimacy to the lawlessness of the outlaws.

Sir, this is not the time to make speeches. This is the time to act. This is the time to be not reactive,, but proactive, and this is time to give every child in India a chance to sleep tonight feeling that his or her country is a safe place to say 'goodnight'.

**श्री मोहम्मद अली खान** (आन्ध्र प्रदेश): बहुत-बहुत शुक्रिया, डिप्टी चेयरमैन साहब। बहुत अफ़सोस की बात है कि शहर-ए-हैदराबाद में दिलसुख नगर एरिया में दहशतपसन्दों की दहशत से कई मासूम लोगों की जान गई। जिस शहर-ए-हैदराबाद का सारे मुल्क के अन्दर एक नाम था कि वह भाईचारे और अमन का गहवारा है...। लेकिन, मुझे अफसोस है कि दहशतपसंदों ने इस पुरअमन माहौल में शहर-ए-हैदराबाद के माहौल को खराब किया। शहर-ए-हैदराबाद में दिलसुख नगर एरिया में यह वाक़या हुआ। यह नेशनल हाईवे से मिलती हुई आबादी है और काफी गुंजान जगह यह मार्केट वाक़े है। मैं यह बताता चलूं कि मैं जिस इलाके में रहता हूं, उससे सिर्फ डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर यह हल्क़ा वाक़े है। मैं

[श्री मोहम्मद अली खान]

अफसोस के साथ कहता हूं कि जिन लोगों ने यह कार्रवाई की है, इससे मासूम लोगों की जानें गईं और इससे मरने वालों में हर तबके के लोग शामिल हैं।

मैं एक बात और इस हाउस से दरख्वास्त करूंगा कि कांग्रेस पार्टी की ओर देश में दहशतपसंदों से कभी कोई समझौता या उनके साथ नरमी करने का सवाल पैदा नहीं होता। मैं बताता चलूं कि अगर कांग्रेस पार्टी दहशतपसंदों से समझौता करती या उनके सामने कमज़ोर नजर आती तो हमारी कांग्रेस पार्टी के दो रहनुमाओं की जान हम नहीं देते। बल्कि, सारी दुनिया के अंदर कांग्रेस पार्टी और हमारी लीडर सोनिया गांधी जी फ़ख्र के साथ यह कह सकती हैं कि हमने दहशतपसंदों से कभी समझौता नहीं किया। मैं मरकज़ी सरकार से अपील करूंगा कि दहशतपसंदों का कोई मज़हब नहीं होता। किसी मज़हब में दहशतपसंदगी की कोई जगह नहीं है। चाहे मुसलमान हों, हिन्दू हों, सिख हों या ईसाई हों, कुरान, गीता, बाइबल या किसी भी धार्मिक किताब में किसी को कत्ल करने की इजाजत नहीं है। यह एक बड़ा शर्मनाक वाक़या है। मैं इसकी मज़म्मत करता हूं और सरकार से अपील करता हूं कि वह जो भी सख्त कदम उठा रही है, उस कदम को और सख्ती से उठाए और कार्रवाई करे। मुझे यकीन है कि किरन कुमार रेड्डी साहब की चीफ मिनिस्ट्री में रियासती सरकार ने उस समय अपनी तरफ से अहम कदम उठाया। खुद मुख्य मंत्री ने हादसे के एक घंटे के अन्दर मुक़ाम का मुआयना किया। मैं हैदराबाद की पुलिस और प्रेस वालों से भी अपील करूंगा कि आप किसी नुक्ते पर पहुंचने के पहले जिस कार्रवाई की आप निशानदेही करते हैं, उससे माहौल ज़रा खराब होने का अंदेशा रहता है। मेरी सरकार से यह भी अपील है कि आप इसके ऊपर सख्त कार्रवाई का इंतजाम करें। इस घटना में कई लोग मरे हैं। इसमें जो घायल हुए हैं, उनके लिए मैं रियासती सरकार से अपील करूंगा कि वह उनके मेडिकल का पूरा खर्चा उठाए। मैं मरकज़ी वज़ीर के हैदराबाद दौरे की भी सताइश करूंगा, इसलिए कि उन्होंने वक्त पर वहां का दौरा किया, हालात को जाना तथा मक़ामी ऑफिसर, रियासती गवर्नर और चीफ मिनिस्टर से बिलमुशाफ़ा उसकी तहकीकात का इल्म किया, लेकिन किसी तहकीकात के महवर पर आने से पहले इस वाक्ये की तहकीकात मजबूती से की जानी चाहिए। मैं फिर एक दफा कहूंगा कि मरकज़ी सरकार और होम मिनिस्टर इसी को अपना एक महवर बनाकर इसी तहकीकात के ऊपर चाहे वह किसी भी मजहब से हो या किसी भी ग्रुप से हो, उनको एक मुंहतोड़ जवाब देंगे। इसमें सियासी सम्बन्ध टूटने की बात नहीं है और न ही सियासी पार्टियों का सियासी नज़रिए से इसको गौर करने की बात है, बल्कि यह देश की सालमियत, देश की यकजहती, देश की क़ौमी यकजहती का सवाल है। इस पर कम्प्रोमाइज़ करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। मैं आपसे अपील करूंगा कि आपने जो कदम उठाए हैं, इसकी जल्द से जल्द तहकीकात करें। इंटेलिजेंस एजेंसी को दो दिन पहले इसकी आगाही के बावजूद यह हादसा हुआ, उसकी भी आपको तहकीकात करनी चाहिए।

